www.davvonline.com
davv ba question papers

www.davvonline.com
www.davvonline.com
www.davvOnline.com
www.davvOnline.com

हिन्दी साहित्य-*2015*

हिन्दी कथा साहित्य

Time 3 Hours] [M. M. Regular 85/ Private 100

नोट : खण्ड अ, ब तथा स सभी विद्यार्थियों नियमित एवं प्रायवेट के लिए अनिवार्य है। प्रत्येक खण्ड में दिये गये निर्देशों का पालन करें। सभी के लिये अंक विभाजन योजना प्रश्नपत्र में दर्शाये अनुसार होगी।

खण्ड अ: वस्तुनिष्ठ Section A : Objective [Reg. 15×1=15/Pvt. 15×1=15]

1. हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास माना जाता है-
   (अ) गोदान (ब) गुनाहों का देवता
   (स) राग-दरबारी (द) परीक्षा-गुरु।
2. 'गबन' के उपन्यासकार हैं-
   (अ) जैनेन्द्र (ब) यशपाल
   (स) अमरकान्त (द) प्रेमचन्द।
3. 'आभूषण प्रेम' इस उपन्यास की मूल-समस्या है-
   (अ) परख (ब) झांसी की रानी
   (स) शेखर एक जीवनी (द) गबन।
4. हिन्दी में उपन्यास सम्राट माने जाते हैं-
   (अ) सुमित्रानंदन पंत (ब) हजारीप्रसाद द्विवेदी
   (स) कमलेश्वर (द) प्रेमचंद।
5. 'आपका बंटी' उपन्यास की लेखिका है-
   (अ) महादेवी वर्मा (ब) मन्नू भंडारी
   (स) मृदुला गर्ग (द) ममता कालिया।

www.davvonline.com

www.davvonline.com
davv ba question papers

6. कहानी के तत्व हैं-

(अ) तीन (ब) दो

(स) छः (द) पाँच।

7. 'पुरस्कार' कहानी के लेखक हैं-

(अ) प्रेमचंद (ब) सुदर्शन

(स) जयशंकर प्रसाद (द) धर्मवीर भारती।

8. 'वापसी' कहानी लिखी हैं-

(अ) उषा प्रियवदा (ब) शिवानी

(स) अनामिका (द) मालती जोशी।

9. 'चीफ की दावत' के रचनाकार हैं-

(अ) अमरकान्त (ब) भीष्म साहनी

(स) राजेन्द्र यादव (द) अज्ञेय।

10. 'जिन्दगी और जोंक' कहानी हैं-

(अ) पंत (ब) प्रसाद

(स) अमरकांत (द) निराला।

11. गजाधर बाबू किस कहानी के पात्र हैं-

(अ) दोपहर का भोजन (ब) वापसी

(स) आर्द्रा (द) पुरस्कार।

12. 'साँप' कहानी के लेखक हैं-

(अ) कमलेश्वर (ब) निर्मल वर्मा

(स) अमरकांत (द) प्रेमचंद।

13. आपके पाठ्यक्रम में निर्मल वर्मा की कहानी है-

(अ) लंदन की एक रात (ब) अकेली

(स) परिन्दे (द) सिक्का बदल गया।

14. 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी है-

(अ) आदर्शवादी (ब) यथार्थवादी

(स) भौतिकवादी (द) इनमें से कोई नहीं।

15. बंशीधर कहानी के पात्र हैं-

(अ) हार की जीत (ब) उसने कहा था

(स) नमक का दरोगा (द) पुरस्कार।

खण्ड ब. लघु उत्तरीय Section B : Short Answer

[Reg. 5×4=20/ Pvt. 5×5=25]

निम्नांकित लघु उत्तरीय प्रश्नों को हल कीजिए- (कोई पाँच)

1. 'गबन' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'आपका बंटी' उपन्यास की प्रासंगिकता की संक्षिप्त विवेचना कीजिए।

2. 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी की विशेषताएँ लिखिए।

www.davvonline.com
www.davvonline.com
www.davvOnline.com
www.davvOnline.com
www.davvonline.com

www.davvonline.com

davv ba question paper

3. जैनेन्द्र कमार के साहित्य की विशेषताएँ लिखिए।
4. अमृतलाल नागर का परिचय दीजिए।
5. यशपाल की कहानी कला की विशेषताएँ लिखिए।
6. मालती जोशी के व्यक्तित्व-कृतित्व का परिचय दीजिए।
7. कृष्णा सोबती के गद्य-साहित्य की विशेषताएँ लिखिए।

खण्ड स : दीर्घ उत्तरीय Section C : Long Answer

[Reg. 5×10=50/ Pvt. 5×12=60]

निम्नांकित गद्य अवतरणों की व्याख्या कीजिए-

1. हथकड़ियाँ! यह शब्द तीर की भाँति रमा की छाती में लगा। वह सिर से पाँव तक काँप उठा। उस विपत्ति की कल्पना करके उसकी आँखे डबडबा आयीं। वह धीरे-धीरे सिर झुकाये, सजा पाये हुए कैदी की भाँति जाकर, अपनी कुर्सी पर बैठ गया, पर यह भयंकर शब्द बीच-बीच में उसके हृदय में गूँज जाता था। आकाश पर काली घटाएँ छायी थी। सूर्य का कही पता न था। क्या वह भी उस घटा रूपी कारागार में बंद हैं? क्या उसके हाथों में भी हथकड़ियाँ हैं?

अथवा

उसे लगा कि सभी लोग उससे यही चाहते हैं कि वह उनके लिये जीती रहे, .. अपनी कोई इच्छा न करे और ज्योंही वह कुछ चाहने लगती हैं, वही विरोध मिलता है। उसे इस बात का बहुत क्लेश था कि इतनी कोशिश करने पर भी वह बंटी को इस घर में रचा-पचा नहीं सकी। वह इसे अपना घर समझ ही नहीं सका।

2. मगर कोठारी में बैठने की देर थी कि आँखों में छल-छल आँसू बहने लगे। वह दुपट्टे से बार-बार उन्हें पोंछती, पर वह बार-बार आते, जैसे बरसों का बाँध तोड़कर उमड़ आये हों। माँ ने बहुतेरा दिल का समझाया, हाथ जोड़े, भगवान का नाम लिया, बेटे के चिरायु होने की प्रार्थना की, बार-बार आँखे बंद की मगर आंसू बरसात के पानी की तरह जैसे थमने में ही न आते थे।

अथवा

गजाधर बाबू ने आहत दृष्टि से पत्नी को देखा। उन्होंने अनुभव किया कि वह पत्नी और बच्चों के लिये केवल धनोपार्जन के निर्मित मात्र है। जिस व्यक्ति के अस्तित्व से पत्नी माँग में सिन्दूर डालने की अधिकारिणी है, समाज में उसकी प्रतिष्ठा हैं, उसके सामने वह दो वक्त भोजन की थाली रख देने में सारे कर्त्तव्यों से छुट्टी पा जाती है।

3. उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'गबन' अथवा 'आपका बंटी' की समीक्षा कीजिए।

अथवा

जालपा, रमानाथ बंटी, शकुन- इनमें से किसी एक की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

4. पुरस्कार, परमात्मा का कुत्ता, इनमें से किसी एक कहानी की तात्विक विवेचना कीजिए।
5. उपन्यास की परिभाषा देते हुए उसके प्रकार लिखिए।

अथवा

कहानी के उद्भव एवं विकास पर लेख लिखिए।

www.davvonline.com
www.davvonline.com
www.davvonline.com
www.davvOnline.com
www.davvOnline.com